कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

www.nnindianews.com

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र

वर्ष :03, अंक :-276, पृष्ठ : 12 | मूल्य- 04.00 रुपये मात्र | मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024

## स्कूली बच्चों को ले जा रही नाव झेलम नदी में पलटी

# 4 की मौत, 12 रेस्क्यू

**जम्मू-कश्मीर।** श्रीनगर में आज सुबह बड़ा हादसा हो गया। स्कूली बच्चों को ले जा रही एक नाम श्रीनगर के बटवारा के पास झेलम नदी में पलट गई। नाव में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई। ताजा जानकारी के अनुसार, 12 लोगों को रेस्क्यू किया गया है जिनमें से ज्यादातर बच्चे हैं। सभी को अस्पताल जे जाया गया है। हादसे में तीन बच्चे लापता हैं। तलाशी अभियान जारी है।



बताया जा रहा है कि कश्मीर घाटी में मौसम खराब है। पिछले 72 घंटों के दौरान भारी बारिश के कारण झेलम नदी खतरे के निशान के करीब बह रही है। राज्य में ओलावृष्टि का भी अलर्ट जारी किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के एक दल को तैनात करके एक बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार हुई बारिश के कारण झेलम नदी के साथ ही झील एवं जलाशयों के जलस्तर में वृद्धि हुई है।

### पुंछ में चार लोगों का रेस्क्यू

उधर, पुंछ जिले की मेंढर सब डिविजन में लगातार हो रही बारिश के चलते लोगों की मुस्किलें बढ़ गई हैं। मेंढर के छत्राल इलाके में नदी के बीच तेज बहाव में फंसे चार लोगों का रेस्क्यू किया गया है। बारिश के चलते नदियां-नाले उफान पर हैं। वहीं प्रशासन की तरफ से अलर्ट जारी किया गया है कि नदियों के पास न रहें। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से मौसम खराब चल रहा है। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में 18 अप्रैल तर बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है।

# बसपा ने मैनपुरी से बदला प्रत्याशी

### बसपा की एक और लिस्ट जारी, वाराणसी में पीएम मोदी के खिलाफ अतहर जमाल

**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने 11 उम्मीदवारों की पांचवी लिस्ट जारी कर दी है। बसपा ने वाराणसी, जौनपुर, बलिया, गाजीपुर, बदायूँ, बरेली, सुल्तानपुर, फरुर्खाबाद, बांदा, डुमरियागंज में अपनी प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। जबकि मैनपुरी से उम्मीदवार बदलकर शिव प्रसाद यादव को टिकट दिया है। इससे पहले यहां से



गुलशन गुलशन देव शाक्य को टिकट मिला था। बसपा ने बदायूं से मुस्लिम खां, बरेली से छोटेलाल गंगवार, सुल्तानपुर से उदयराज वर्मा, फरुर्खाबाद से कांति पांडे, बांदा से मयंक द्विवेदी, डुमरियागंज से ख्वाजा समसुद्दीन, बलिया से लल्लन सिंह यादव और जौनपुर से बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह को टिकट दिया है। गाजीपुर में अफजाल अंसारी के खिलाफ डॉ. उमेश कुमार सिंह और वाराणसी से पीएम मोदी के खिलाफ अतहर जमाल लारी को चुनाव मैदान में उतारा है।

## बिहार की बर्बादी की गुनहगार आरजेडीः पीएम

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को वोटिंग होगी। इसके लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। पीएम मोदी ने बिहार के गया में लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि आरजेडी ने बिहार को केवल दो ही चीजें दी हैं- जंगलराज, और भ्रष्टाचार!इन्हीं का दौर था, जब बिहार में अपहरण और फिरौती एक उद्योग बन गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को मजबूत फैसला लेने वाली सरकार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लालटेन का राज रहता तो मोबाइल की बैट्री भी आज चार्ज नहीं होती।









# विशाल दंगल के साथ श्री मातेश्वरी देवी मेला का हुआ समापन

**• मेला पूर्वजों की धरोहर इसे सजोये कर रखना है**

**खंदौली (आगरा)।** कस्बा रामनगर में प्राचीन श्री मातेश्वरी देवी मेले का सोमवार की रात्रि रसियो के विराट दंगल के साथ ही मेले का समापन हो गया।मेला कमेटी के अध्यक्ष अजय शर्मा उर्फ जर्रा बाबा ने बताया की चार दिवसीय मेले का सोमवार को समापन हो गया मेले में दिन भर कई खेलकूद प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ जिसमे कबड्डी, दौड आदि शामिल थी रविवार को भव्य शोभायात्रा में शामिल हुए बैंडबाजों एवं सभी विजेताओ को पुस्कार का वितरण किया गया। रात्रि को सत्तो शर्मा अतरौली (अलीगढ़) और विजेन्द्र शर्मा अखाड़ा हाथरस के बीच रसियो के विराट दंगल का आयोजन किया गया रसियों के विराट दंगल से मेला ग्राउंड लोगो की भीड से खचा खच भरा हुआ था।भीड को काबू करने के लिये थाना अध्यक्ष खंदौली राजीव कुमार सोलंकी को पुलिस फोर्स के साथ साथ काफी मशक्त का सामना करना पडा। प्राचीन श्री मातेश्वरी देवी मेला का रसियों के विराट दंगल के साथ ही समापन हो गया कार्यक्रम का मुख्य अतिथि राकेश बघेल पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत आगरा, रणजीत सुमन पूर्व विधायक जलेसर ने फीता काटकर शुभारंभ किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रणजीत सुमन,राकेश बघेल ने कहा कि श्री मातेश्वरी देवी का विशाल प्राचीन मेला वर्षो पुराना है यह मेला पूर्वजों की सांस्कृतिक धरोहर है, इसे सहेज कर रखने की जरूरत है उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में लगने वाले मेला एक ऐसा माध्यम है जहां लोग मिलते हैं और आपसी मतभेद को भुलाते हैं । मेला कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ वीरेन्द्र सिंह चौहान, डॉ शिवराम यादव,सुरेश चन्द्र सपा प्रत्याशी आदि ने विजेताओं को पुरुस्कार प्रदान किये । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय शर्मा जर्रा बाबा अध्यक्ष मेला कमेटी, राजेश दुबे,विपिन शर्मा समाजसेवी मेला संयोजक, तेजेस गोस्वामी कोषाध्यक्ष,सुशील उपाध्याय, सोमू शर्मा, गोपाल शर्मा प्रधान, प्रदीप शर्मा,पंकज शर्मा जिम बाले, रवि करुआ उपाध्याय, भारतेंदु उपाध्याय, रिन्कू जिन्दल,अनुराग अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।



# भीषण गर्मी में बच्चों का बुरा हाल,समय परिवर्तन की मांग



**(एनएनआई) कासगंज।** बीते कुछ दिनों से गर्मी अपने पूरे शबाब पर है बच्चों की सेहत पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है भीषण गर्मी,लू एवं खेती में काम होने के कारण बच्चे विद्यालय में कम संख्या में पहुंच रहे हैं सोमवार को विद्यालय पहुंचने वाले बच्चे गर्मी में बेहाल नजर आये,गर्मी से बच्चों की हालत को देखते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार से मुलाकात कर विद्यालय समय परिवर्तन की मांग,लंबित एरियर,पति-पत्नी में से लोकसभा चुनाव में केवल एक की ड्यूटी लगाई जाने सहित अन्य लंबित समस्याओं को जल्द पूर्ण करने को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष अमित यादव, महामंत्री सत्यनारायण सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**(एनएनआई) कासगंज।** शहर के मालगोदाम रोड स्थित संकटहरण श्री शनिदेव के मंदिर में भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान भी हुआ। प्रतिमा का नगर में भ्रमण कराया गया। मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा के बाद कन्या पूजन, प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एडवोकेट नारायण स्वरूप सक्सेना ने अपनी धर्मपत्नी स्व. उमा सक्सेना की स्मृति में कराया। इस दौरान विहिप, बजरंग दल ने रामउत्सव का आयोजन कर हनुमान चालीसा का पाठ और महाआरती की गई। साथ ही प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस मौके पर नवल कुलश्रेष्ठ, बासु जैन,विजय सिंह चंदेल, सचिन जैन, राजेश साहू, प्रियांशु साहू, देवी प्रसाद, अनिल जैन, मनीष कावरा, दिनेश अग्रवाल, अमरीश वशिष्ठ, शशांक शारदा, प्रमोद साहू, नवीन सक्सेना, कृष्ण मुरारी, प्रदीप कावरा, ओमकार सैनी, लखन प्रताप, अजय सक्सेना जितेंद्र, किरन सक्सेना, विपिन सक्सेना, नितिन सक्सेना, आरती सक्सेना, दिव्या सक्सेना, कीर्ति सक्सेना, अंशुल जौहरी, शालू सक्सेना, सोना सक्सेना, केके सक्सेना मौजूद रहे।

# बैशाखी पूरब को समर्पित तीर्थ यात्रियों का जत्था अरदास कर गुरुधामो को रवाना



**(एनएनआई) आगरा।** गुरु गोबिंद सिंह जी के जन्म स्थल तख्त श्री हरमंदर पटना साहिब पावन पवित्र स्थान जाने से पहले यात्रा की सफलता के लिए गुरु महाराज जी की अरदास पंथ के महान कथा वाचक भाई सिमरनजीत सिंह द्वारा पंथ के निशान साहिब लहराते गुरु की प्यारी साध संगतो के जत्थे को वाहेगुरु सिमरन के साथ पुष्प माला पहनाकर पुष्प वर्षा कर गुरु गोबिंद सिंह जी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा तख्त श्री हरमंदर पटना साहिब के साथ इतिहास तीर्थ तीर्थधामों के दर्शन तीर्थ यात्रियों ने बताया यात्रा का मकसद देश में हर घर खुशहाली सुख समृद्धि वह भाईचारा कायम रहे यात्रा गुरुद्वारा दशमेश दरबार शहीद नगर विभव नगर के तत्वाधान में रवाना हुई मुख्य रूप से यात्रा की अगुवाई कर रहे प्रधान हरपाल सिंह सेक्रेटरी मनजीत सिंह सम्मान करने वालो में गुरु सेवक श्याम भोजवानी, मुखी भाई,गुरमीत सिंह,समरथ सिंह, परनप्रीत सिंह, सुरेंद्र सिंह,कृपाल सिंह,सन्नी सिंह,हरमीत सिंह, नवनीत गांधी आदि उपस्थि रहे।

## चैत्र नवरात्रः देवी रूप में सजे ब्रह्मलाल महाराज, दर्शन को उमड़े भक्त

**बाह।** चैत्र नवरात्र में सोमवार को ब्रह्मलाल महाराज का देवी के रूप में श्रंगार हुआ। श्रंगार और आरती के बाद श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर के पट खुले। शिव की शक्ति के रूप में दर्शन और पूजन के लिए दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर के पुजारी राकेश वाजपेयी, जय प्रकाश गोस्वामी ने बताया कि शिव की शक्ति के रूप में श्रंगार पूजा की गई। गौरीशंकर मंदिर में महिलाओं ने शिव पार्वती को पूजकर अपने सौभग्य एवं सुख संमृद्धि की कामना की। जरार के कैला देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने नेजा चढ़ाया। बाह के पथवारी माता मंदिर, सिद्धेश्वरी देवी मंदिर, बटेश्वर के राजमाता मंदिर, नहटौली के मंशा देवी मंदिर, जैतपुर के नेमा देवी मंदिर में श्रद्धालु पूजन के लिए पहुंचे। देवी पांडालों में मां कालरात्रि के स्वरूप की पूजा हुई।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख ने भगवती केला देवी मंदिर का किया फीता काट कर उद्घाटन



**(एनएनआई) पिनाहट।** उत्तर भारत का प्रमुख भगवती देवी मेला भदरौली का सोमवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख सुग्रीव सिंह चौहान ने फीता काट कर मेले का उद्घाटन किया। जानकारी के अनुसार करौली के दर्शन के बाद भदरौली माता मंदिर के दर्शन करना भी जरूरी माना जाता है। मंदिर पर सैकड़ो की संख्या में बैंड बाजों के साथ नाचते गाते हुए नेजा चढ़ाने पहुंचे भक्त साल भर में जन्मे बच्चों के देवी के दरबार में मुंडन भी कराया जाता है। मेला के कमेटी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह तोमर ने बताया कई वर्ष पुराने इस मेले में बड़ी दूर दराज से लोग यहां दर्शन करने आते हैं और मन्नत पूरी होने पर नेजा चढ़ाने भी आते हैं।मंदिर के पुजारी सनमान दास ने बताया दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में यहां भक्ति दर्शन करने के लिए पहुंचे। वहीं पर ब्लॉक प्रमुख भाजपा नेता सुग्रीव सिंह चौहान का मेला उद्घाटन को जाते समय गांव-गांव में स्वागत समारोह हुआ स्वागत समारोह में पूर्व ब्लाक प्रमुख ने संबोधित करते हुए बताया भाजपा पार्टी सबकी हितेषी पार्टी है बिना किसी जाति ब भेदभाव के काम करने वाली पार्टी है।

# भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा

एनएनआई

**आगरा।** अछनेरा-सोमवार को कस्बा अछनेरा में भारत रत्न संविधान के निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा बैंडबाजों के साथ बड़े ही धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा का कस्बा वासियों ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया इस दौरान भरतपुर रोड स्थित अम्बेडकर पार्क को रंगबिरंगी झालरों और फूलों से सजाया गया जयन्ती में डॉ भीमराव अम्बेडकर अनुयायियों ने बाबा साहब अमर रहे और जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा अम्बेडकर का नाम रहेगा के नारे लगाए पूर्व राज्यमंत्री चौधरी उदयभान सिंह के साथ साथ कमेटी के अन्य सदस्यों ने भी संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया इस दौरान बाबा साहब के विचारों पर प्रकाश डाला गया आपको बता दें कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयंती महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया बाबा भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा में करीब एक दर्जन झाकियां दर्शकों के आकर्षण का केन्द्र रही सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन की चप्पे चप्पे पर पैनी नजर रही शोभायात्रा का शुभारंभ अम्बेडकर पार्क से शुरू होकर सब्जी मंडी,स्टेशन रोड नगर पालिका पहाड़ लाइन होती हुई अम्बेडकर पार्क पर शोभायात्रा का समापन किया गया इस दौरान-सुरेश कर्दम, बच्चू सिंह, जसवंतसिंह, वीरीसिंहकर्दम ,दीनदयाल, राजकुमार सेहरा, दिगम्बरसिंह, जितेन्द्रसिंह, रविकुमार ,विजेंद्रसिंह, प्रमोद कुमार, हनुमान सभासद, जयप्रकाश, भानुप्रतापसिंह, दिनेश, सुदीश, सोनू, संजय कुमार,और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित
**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**
RNI Title Code no UPHIN49797
**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**
E MAIL newsnextindia1@gmail.com
Website:-www.nnindianews.com
**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना ब्रज

मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024 www.nnindianews.com

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र




# अक्षय ने किया नामांकन

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** लोकसभा सीट के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। सपा प्रत्याशी अक्षय यादव अपने पिता एवं सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचे। वहीं भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राजपूत एडवोकेट ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल किए जाने के दौरान काफी पुलिस फोर्स मुस्तैद दिखाई दिया।

लोकसभा चुनाव के नामांकन दाखिल करने को लेकर जिला मुख्यालय पर काफी पुलिस फोर्स मुस्तैद था। एसपी सिटी सर्वेश चंद्र मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र कुमार, सीओ सिटी हिमांशु गौरव व सीओ सदर सहित काफी पुलिस फोर्स मुस्तैद था। सपा जिला कार्यालय से दो गाड़ियों के साथ सपा प्रत्याशी अक्षय यादव नामांकन दाखिल करने के लिए जिला मुख्यालय पहुंचे।



उनके साथ सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, अब्दुल सलाम एडवोकेट एवं विजय आर्या साथ थे। डीएम रमेश रंजन के समक्ष उन्होंने अपने नामांकन के दो सेट दाखिल किए। प्रोफेसर राम गोपाल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी को इस चुनाव में सभी वर्गों का साथ मिल रहा है। यही कारण है कि भाजपा अभी तक प्रत्याशी तय नहीं कर पाई। सपा प्रत्याशी अक्षय यादव ने कहा कि मैंने नामांकन दाखिल कर दिया है, जिले की जनता का आशीर्वाद मेरे साथ है। नामांकन के बाद जिला कार्यालय पर सभा आयोजित की।

भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राजपूत एडवोकेट सादगी के साथ अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचे। उपेंद्र सिंह राजपूत पहले भी कई लोकसभा के चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने अपने नामांकन जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए अपने दस प्रस्तावकों को नामांकन कक्ष तक ले गए। इनमें रणवीर सिंह, विनय कुमार, प्रेम किशोर, हरिओम, रवेंद्र सिंह, दीपक कुशवाह, संजय सिंह, संजीव कुमार, विक्रम सिंह, सुनील कुमार थे। इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में डिप्टी कलेक्टर आईएएस कृति राज सिंह के अलावा अन्य एसडीएम मौजूद थे।

# आईपीएल में सट्टा लगाने वाले पांच गिरफ्तार

एनएनआई

**शिकोहाबाद/फिरोजाबाद।** थाना उत्तर और थाना शिकोहाबाद की पुलिस ने एसओजी की मदद से अलग-अलग स्थान पर छापामार कार्रवाई करते हुए आईपीएल में सट्टा लगाने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से हजारों की नकदी, एलईडी टीवी और रजिस्टर बरामद किए गए हैं। तीन फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्र ने बताया कि थाना उत्तर क्षेत्र के रामलीला ग्राउंड में बंद दुकान के अंदर आईपीएल पर हार-जीत की बाजी खेली जा रही थी। थाना प्रभारी वैभव कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी शैलेंद्र चौहान ने अपनी टीम के साथ छापामार कार्रवाई करते हुए मौके से आनंद नगर निवासी दीपक, दम्मामल नगर निवासी ऋतिक, तिलक नगर निवासी शिवम को गिरफ्तार किया है। टीम ने मौके से एक एलईडी टीवी, तीन मोबाइल और 36 हजार 250 रुपये बरामद किए हैं। इनके तीन साथी अर्जुन, भोलू, विनय फरार हैं। इसी तरह शिकोहाबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार ने स्टेशन रोड स्थित सागर एक्लेव में छापामार कार्रवाई करते हुए सागर एक्लेव निवासी अनुराग, आशीष को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 41 हजार 100 रुपये, एक मोबाइल और रजिस्टर बरामद किए गए हैं। इनका एक साथी मंकुल फरार है। पुलिस टीम फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में राजवीर सिंह ने किया नामांकन



एनएनआई

**कासगंज।** डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि भाजपा की सरकार इस लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ बनेगी। भाजपा 400 का आंकड़ा पार करेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले ही विपक्षी गठबंधन अलग थलग पड़ गया है। देश की जनता भाजपा के साथ है। पीएम मोदी, सीएम योगी पर जनता का भरोसा है। विपक्ष के पास कोई योजना नहीं है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल गांधी बेल पर हैं और केजरीवाल जेल में हैं।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सोमवार को तीर्थनगरी सोरोंजी में भाजपा प्रत्याशी सांसद राजवीर सिंह की नामांकन सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल कल्याण सिंह ने देश में राममंदिर के सपने को साकार कराया है। उन्होंने सत्ता में रहते हुए राम मंदिर के लिए अपनी सत्ता छोड़ दी। एटा और कासगंज उनकी कर्मभूमि है। यहां के लोग उन्हें मानते हैं। उन्होंने कहा कि एटा में भाजपा प्रत्याशी के साथ पूरा समर्थन है। उत्तर प्रदेश में होने वाली रिकॉर्ड पांच जीतों में एटा लोकसभा का भी नाम होगा। नामांकन सभा में बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी ने देश की जनता को विकास और सुरक्षा की गारंटी दी है। सरकार की योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार देश में गठित होगी।

# कासगंज में बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंताएं

**कासगंज।** सोमवार को बारिश के बाद से किसानों की चिंताएं बढ़ी हुई हैं। किसान गेहूं की फसल की कटाई घर तक सुरक्षित पहुंचाने की जल्दी में हैं। बारिश से गेहूं की कटाई रुकी है। किसान मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं। यदि बारिश और अधिक हुई तो गेहूं व जौ की फसल को खासा नुकसान हो सकता है।

जनपद में लगभग 92000 हेक्टेयर में गेहूं की फसल होती है। इस बार अच्छी फसल से किसानों को खासी उम्मीदें हैं। सोमवार को आसमान में काले बादल मंडराने लगे। अमांपुर में सुबह और शहर में दोपहर के समय हुई बारिश ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी। किसानों ने गेहूं की फसल की कटाई को रोक दिया है। मौसम के रुख से किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि और अधिक बारिश हुई या आंधी आई तो फसलों को खासा नुकसान हो सकता है। किसानों को मौसम के ठीक होने की इंतजार है, जिससे अनाज को शीघ्र घरों तक पहुंचाया जा सके।




स्व॰ श्री विवेक रायज़ादा

28-06-1973 - 14-04-2024

**शोक सभा**

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे प्रिय पुत्र विवेक रायज़ादा का आकस्मिक निधन दिनांक 14-04-2024 (रविवार) को हो गया है। उनकी श्रद्धांजलि हेतु शोक सभा दिनांक 17-04-2024 को शाम 5 से 6 बजे तक होगी।

शोकाकुल - बृजबाला रायज़ादा (माँ)

नवीन्द्र रायज़ादा - शोभा रायज़ादा, डॉ॰ सुधीर रायज़ादा - अनीता रायज़ादा, (चाचा - चाची)

अजेन्द्र रायज़ादा (चाचा)

विकास रायज़ादा - नीलम रायज़ादा (ज्येष्ठ भैया - भाभी)

शिल्पा रायज़ादा (पत्नी)

विशाल रायज़ादा - रुचि रायज़ादा (अनुज भैया - भाभी)

मोनिका सक्सेना - हेमंत सक्सेना (बहन - बहनोई)

दिव्यांशी (भतीजी), ध्रुव (पुत्र), तनिष्का (पुत्री), अंशिका (भतीजी), अक्षरा (भतीजी), आध्या (भांजी), आराध्य (भांजा) एवं समस्त रायज़ादा परिवार।

**स्थान - हरिओम सेवा सदन, जनक महल चौराहा, 100ft रोड, दयालबाग, आगरा।**

**Ph. 9897609083, 7017406718**

# स्मारकों पर 18 को एंट्री फ्री

## विश्व धरोहर दिवस होंगे स्मारकों पर कार्यक्रम

**आगरा एनएनआई।** विश्व धरोहर दिवस पर ताजमहल, आगरा किला सहित सभी स्मारकों पर 18 अप्रैल को फ्री एंट्री होगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। सिकंदरा स्मारक पर कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। हर स्मारक पर टिकट काउंटर बंद रहेंगे। एएसआई के अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. राजकुमार पटेल ने बताया कि अकबर का मकबरा, सिकंदरा में विश्व धरोहर दिवस पर टीयर्स बच्चे प्रस्तुतियां देंगे। विश्व धरोहर दिवस पर हर साल स्मारकों पर फ्री एंट्री रहती है। पर्यटकों के लिए सुबह से शाम तक टिकट नहीं लगती। इस दिन स्मारकों पर स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम भी पेश किए जाएंगे।



**फतेहपुर सीकरी में शुरू होगा फेसिलिटी सेंटर**

विश्व धरोहर दिवस पर फतेहपुर सीकरी पर फेसिलिटी सेंटर की शुरूआत की जा रही है। सीकरी में म्यूजियम के सामने टकसाल भवन में एएसआई ने नया फेसिलिटी सेंटर बनाया है। इस सेंटर में पर्यटकों को फतेहपुरसीकरी के निर्माण की कहानी चित्रों के माध्यम से बताई जाएगी। हर इमारत की जानकारी दी गई है। दीवान-ए-आम की ओर से जाने वाले पर्यटकों के लिए इंटरप्रिटेशन सेंटर में ऑडियो-वीडियो के जरिए भी कई जानकारियां दी जाएंगी। इंटरप्रिटेशन सेंटर के सामने बने म्यूजियम में फतेहपुर सीकरी में वीर छबीली टीले के उत्खनन से मिली प्रतिमाओं और मुगल काल के हथियारों और बर्तनों को रखा गया है।

# तंबू में भी बना लेते हैं तमंचे

- पुलिस ने खंडहर में तमंचा बनाने की फैक्ट्री चला रहे घुमंतू जाति के तीन आरोपियों को पकड़ा

एनएनआई

**आगरा।** बिचपुरी में एक खंडहर में चल रही फैक्ट्री में अवैध तमंचे बनाए जा रहे थे। पुलिस ने छापा मारकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। तमंचा बनाने वाले महारतियों के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, जिंदा कारतूस, ड्रिल मशीन, सहित लोहे की नाल बरामद की है। पकड़े गए अभियुक्त घुमंतू जाति के हैं। पूछताछ में इन्होंने बताया कि वह आगरा के अलावा आसपास के जिलों में भी तमंचे सप्लाई करते थे।

एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि पथौली क्षेत्र में बिचपुरी रोड पर रिद्दी एंक्लेव के पास एक खंडहर में अवैध तमंचे बनाने वाले फैक्ट्री चल रही है। पुलिस ने छापा मारा। खंडहर से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। मौके से बने अधबने तमंचे, तमंचे बनाने के इक्विपमेंट और सामान बरामद किया। इनके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वह घुमंतू जाति के हैं।





### आसपास के जिलों में थे ग्राहक

आगरा के अलावा इनके आसपास के जिलों में भी ग्राहक थे। यह राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा तक में तमंचे बेचते थे। एडिशनल सीपी का कहना था कि जिन्होंने इनसे तमंचे खरीदे हैं। उन्हें भी चिह्नित कर कार्यवाही की जाएगी। टीम को 15 हजार रुपए का इनाम दिया गया है।

कहीं भी तंबू गाड़कर घर बनाकर रहने लगते हैं। लोहे का सामान बनाने का काम करते हैं। इसलिए सारे इक्वीपमेंट हैं। इन्हीं से तंबू में ही तमंचे बनाते थे। ताकि पुलिस को शक भी न हो। गिरफ्तार किए गए महेंद्र सिंह, आजाद सिंह और प्रेम सिंह मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। तमंचे बेचकर ही यह अपने परिवार का खर्चा चलाते हैं। अब तक सैकड़ों तमंचे बेच चुके हैं। एक तमंचा बनाने में लागत 1500 रुपए आती थी, जिसे यह चार से पांच हजार रुपए में बेचते हैं।

# शिक्षा से ही डॉ. आम्बेडकर ने अलग पहचान बनाई

एनएनआई

**आगरा।** बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर ने शिक्षा के माध्यम से ही अपनी एक अलग पहचान बनाई, जिसने वंचितों और शोषितों को मार्गदर्शन देने का काम किया। उक्त विचार विश्वविद्यालय के पालीवाल पार्क स्थित जुलबी हाल में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर समाज विज्ञान संस्थान द्वारा आधुनिक परिप्रेक्ष्य में डॉ. भीमराव आंबेडकर के दर्शन की प्रासंगिकता और उपयोगिता विषयक संगोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त किए। मुख्य वक्ता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की पूर्व अतिरिक्त सचिव डॉ. उर्मिला देवी और आईसीएमआर-एनआईएमआर के वैज्ञानिक डॉ. पीके अतुल ने आधुनिक परिप्रेक्ष्य में डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों और दर्शन पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताया कि आज के समय में शिक्षा सिर्फ औपचारिकता के लिए है, इसका एक महत्वपूर्ण स्थान है। इस दौरान वक्ताओं ने पुराने किस्सों और कहानियों के माध्यम से डॉ. आंबेडकर के संघर्षों से विद्यार्थियों को परिचित कराया। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. राजीव कुमार ने अध्यक्षता करते हुए कहाकि आधुनिक परिप्रेक्ष्य में डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान को कोई नकार नहीं सकता। वह एक बड़े वर्ग की आवाज बने, इसी कारण उनकी जयंती इतने भव्य रूप में मनाई जाती है। समाज कार्य विभाग की छात्रा दिव्यांशी और प्रतीक्षा ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इस मौके पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश, सहायक रजिस्ट्रार पवन कुमार, डॉ. राजेश कुशवाहा, डॉ. राजीव वर्मा, डॉ. मोहम्मद हुसैन, डॉ. रंजना, प्रियंका और नरेश कुमार आदि मौजूद रहे। प्रो. रनवीर सिंह ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की।




# पूर्व मंत्री के नाती की शर्मनाक करतूत



एनएनआई

### युवती और उसके पिता पर कार चढ़ाने का किया प्रयास

### पिता-पुत्री का आरोप आठ महीने से कर रहा है परेशान

**आगरा।** शाहगंज क्षेत्र में बीती रात को पूर्व मंत्री के नाती ने एक युवती और उसके पिता पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। पिता-पुत्री का आरोप है कि पूर्व मंत्री का नाती करीब आठ महीने से उन्हें परेशान कर रहा है। मामले में शाहगंज थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने पूर्व मंत्री के दबाव में कोई कार्रवाई नहीं की। इससे आक्रोशित लोगों ने साकेत कॉलोनी रोड पर जाम लगा दिया। पुलिस ने किसी तरह कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। पीड़ित पिता ने बताया कि रात को वह लखनऊ से आई बेटी को रेलवे स्टेशन से कार से लेकर आए थे। घर के गेट पर गाड़ी खड़ी करके जैसे ही बेटी बाहर निकली तो वहां पहुंचे पूर्व मंत्री के नाती ने उस पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। एतराज करने पर उनके ऊपर भी कार चढ़ाकर मारने की कोशिश की गई। आरोपी पूर्व में भी ऐसी घटना कर चुका है। शिकायत के बाद भी इलाका पुलिस ने राजनीतिक दबाव में कोई कार्रवाई नहीं की। इस घटना से आक्रोशित पिता-पुत्री ने साकेत कॉलोनी रोड पर जाम लगा दिया। घटना की जानकारी पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन

# नगर निगम में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। अपर नगर आयुक्त सुरेंद्र यादव और उप्र कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद इलाहाबादी के नेतृत्व में बाबा साहब और भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान केक काटा गया और मिष्ठान का वितरण किया गया। इस मौके पर कर्मचारी नेता विनोद इलाहाबादी ने कहाकि संविधान की रक्षा करना हर भारतीय का कर्तव्य है। यही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम, जेडएसओ मुख्यालय राजीव वालियान, जेडएसओ इंद्रजीत सिंह, विनोद इलाहाबादी, हरीबाबू वाल्मीकि, मोहन गुलजार, राजकुमार विद्यार्थी, लोकेश परिहार, सुमित चौहान, अनिल राजौरिया, राकेश चौधरी, रंजीत सिंह नरवार, रोहित लवानिया, मनीष चौहान, कामेश कुंज, शिवम दिलवारिया, अरुण इलाहाबादी, अमर सिंह, अंकित मैसी, हतिक इलाहाबादी, हरेश नरवार, निखिल इलाहाबादी, राहुल नरवार सहित सैकड़ों कर्मचारी और पदाधिकारी मौजूद रहे।



कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष
न्यूज नेक्स्ट इंडिया
अपना आगरा
मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024 www.nnindianews.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र


# पुलिस ने बिगाड़ी व्यवस्था

एनएनआई

**आगरा।** कलक्ट्रेट में नामांकन के दूसरे दिन एमजी रोड की व्यवस्था बिगड़ गई। पुलिस अधिकारी निर्वाचन आयोग का पाठ भूल गए। मुख्य गेट और छोटे गेट को बंद कर दिया गया। अधिकारी से लेकर प्रत्याशी और नामांकन पत्र लेने के लिए आए अधिवक्ताओं को भी प्रवेश नहीं दिया गया। कलक्ट्रेट में भीड़ न जुटे, इसके लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। नगर निगम स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से भी निगाह रखी जा रही है। भाजपा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल के साथ बड़ी संख्या में समर्थकों की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने कलक्ट्रेट का बड़ा और छोटा गेट बंद कर दिया। पूर्वान्ह 11.05 बजे फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस और सपा गठबंधन प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार पहुंचे। वह नामांकन पत्र से संबंधित दस्तावेजों की जानकारी के लिए आए थे। अधिवक्ता लोकेंद्र शर्मा भी साथ थे। पुलिस ने गेट नहीं खोला और रामनाथ को लौटना पड़ा। दस मिनट के बाद ही आगरा लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र लेने के लिए प्रत्याशी सर्वेश कुमार पहुंचे। उन्होंने प्रत्याशी

### तीन घंटे तक खड़े रहे कांग्रेस प्रत्याशी, कलेक्ट्रेट के गेट पर जमकर हुआ हंगामा

होने और दस्तावेज भी दिखाए लेकिन पुलिस ने प्रवेश नहीं करने दिया। इस बीच एडीएम प्रशासन अजय कुमार सिंह सहित एक अन्य अधिकारी पहुंच गए। पुलिस ने एडीएम प्रशासन को भी प्रवेश नहीं करने दिया। अधिकारी के साथ गार्ड और अर्दली भी थे। कलक्ट्रेट में प्रवेश को लेकर कई बार धक्का-मुक्की भी हुई। नाराज प्रत्याशियों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसकी शिकायत डीएम भानु चंद्र गोस्वामी से की गई।

### डीएम ने खुद संभाली व्यवस्था

नाराज प्रत्याशियों के हंगामा करने की खबर पर डीएम अपने कक्ष से उठकर सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय तक आए। दोपहर एक बजे रामनाथ सिकरवार, सर्वेश सहित अन्य को प्रवेश मिला। रामनाथ ने कहाकि जानबूझकर पुलिस ने प्रवेश नहीं करने दिया। नामांकन में व्यवधान डालने का प्रयास किया जा रहा है।

# पांच साल में पाक-साफ हुए केन्द्रीय मंत्री

- केंद्रीय मंत्री पर दर्ज सभी मुकदमे हुए खत्म
- भाजपा प्रत्याशी की सम्पत्ति हुई दस करोड़

एनएनआई



**आगरा।** फिरोजाबाद का जसराना थाना हो या फिर टूंडला, उत्तर व दक्षिण थाना, आगरा का एत्मादपुर और एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट। वर्ष 2019 में दर्जनभर से अधिक आगरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल पर मुकदमे लंबित थे। पांच साल में एसपी सिंह बघेल के विरुद्ध दर्ज सभी मुकदमे खत्म हो गए।

एसपी सिंह और उनकी पत्नी मधु बघेल की संपत्तियां साढ़े सात करोड़ से बढ़कर दस करोड़ हो गई। व्यक्तिगत चल संपत्ति 50 लाख से बढ़कर 1.08 करोड़ रुपये हो गई। नामांकन के दौरान दिए शपथ पत्र की मानें तो वर्ष 2019 में प्रो. एसपी सिंह बघेल के पास दो लाख रुपये और पत्नी मधु बघेल के पास डेढ़ लाख रुपये का कैश था। वर्ष 2024 में बघेल के पास 1.20 लाख रुपये, पत्नी के पास 1.80 लाख रुपये है। बैंक खातों में केनरा बैंक राजा की मंडी में खुद के नाम 17.26 लाख, एसबीआई नई दिल्ली में 64.74 लाख, एसबीआई फिरोजाबाद में 25 हजार और एसबीआई लखनऊ 48 हजार रुपये जमा हैं। वहीं पत्नी के नाम केनरा बैंक में 96237 रुपये, एसबीआई नई दिल्ली में 88 हजार सहित अन्य बैंकों में जमा धनराशि है। पांच लाख रुपये की एलआईसी पालिसी, जीपीएफ में 14.15 लाख रुपये जमा हैं। अगर वाहनों की बात की जाए तो वर्ष 1996 की टाटा सूमो, पांच तोला सोना है। पत्नी के पास 15 तोला सोना है। खुद के पास एक रिवाल्वर और एक रायफल है। भटपुरा औरैया में पैतृक भूमि है। बाजार मूल्य 82 लाख रुपये है।

## करोड़पति रामेश्वर पर नहीं है कोई वाहन

फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी रामेश्वर सिंह करोड़पति हैं, लेकिन उनके पास कोई वाहन नहीं है। रामेश्वर एलएलबी और पीएचडी हैं। खुद के पास 8.90 लाख रुपये और पत्नी के पास 3.40 लाख रुपये कैश है। एसबीआई बैंक में 772 रुपये और पत्नी के खाते में 4953 रुपये जमा हैं।

## निर्दलीय प्रत्याशी के पास है 500 रुपए कैश



फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी हसनूराम आंबेडकरी के पास 500 रुपये कैश है। बैंक में एक भी रुपये जमा नहीं हैं। न ही कोई वाहन है। हसनूराम मनरेगा मजदूर हैं। हसनूराम का दावा है कि लोकसभा, विधानसभा सहित अन्य चुनाव को मिलाकर अब तक 98 बार नामांकन कर चुके हैं। एक बार भी जीत हासिल नहीं हुई है। वह 12 बार आगरा ग्रामीण, 13 बार खेरागढ़ और छह बार फतेहपुर सीकरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं।

# राजकुमार ने निभाया है किसान का बेटा होने का फर्ज

### रोहता में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने कार्यकताओं में भरा जोश

एनएनआई



**आगरा।** फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र का बाह हो या जगनेर, जनसमस्याओं के समाधान के लिए उन्हें जिला मुख्यालय आने की जहमत नहीं उठानी पड़ेगी। जनहित में जनपद की प्रत्येक तहसील स्तर पर कार्यालय का संचालन होगा। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जनता की समस्याओं का निदान होगा। भाजपा प्रत्याशी सांसद राजकुमार चाहर की इस घोषणा से पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। आगरा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के पीएस गार्डन रोहता में बूथ सम्मेलन का मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। इस दौरान श्री पाठक ने कहाकि किसान का बेटा होने का फर्ज राजकुमार चाहर ने निभाया है। अपने बूथ पर हमें सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी मतदाता, मतदान से वंचित न रहे। सुबह पहले मतदान फिर जलपान करने को प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहाकि हमें अपने देश का सिर गर्व से ऊंचा रखने के लिए फिर एक बार मोदी सरकार बनाना है। हम सभी कमल के पुजारी हैं, कमल बेहतर तरीके से खिले, इसका ख्याल रखना होगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गिरिराज सिंह कुशवाहा, हेमेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक कालीचरण सुमन, उपेंद्र सिंह जाटव, अभिनव मौर्या, ब्लॉक प्रमुख उत्तम सिंह काका, राजू प्रधान, सोनू दिवाकर, शिवकुमार प्रमुख और सहदेव शर्मा आदि मौजूद रहे।

### 18 अप्रैल को नामांकन में दिखाएं ताकत

बूथ अध्यक्षों से संवाद में राजकुमार चाहर ने कहाकि आज वह जनप्रतिनिधि आप लोगों के बीच से आकर ही बने हैं। कार्यकताओं की मेहनत से ही भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने को अग्रसर है। आगामी 18 अप्रैल को नामांकन में आकर सभी को एकजुटता दिखानी होगी। संकल्प पत्र में उठाए गए बिंदुओं पर अमल करके हम फतेहपुर सीकरी को देश की विकसित और आदर्श लोकसभा बनाने का अथक प्रयास करेंगे।



# विश्व बाजार में धाक जमाने को संगठित होकर करें कार्य

- चैंबर ऑफ फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री एसोसिएशन के आगरा चैप्टर का हुआ गठन, घोषित हुई कार्यकारिणी
- 26 सदस्य कार्यकारिणी को दिलाई गई शपथ, फूड प्रोसेसिंग के हर क्षेत्र को इसमें किया गया है शामिल




एनएनआई

**आगरा।** चैंबर ऑफ फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री एसोसिएशन आगरा चैप्टर का अधिष्ठापन समारोह खंदारी स्थित लेमन ट्री होटल में हुआ। दीप प्रज्वलन से शुरू हुए समारोह की प्रस्तावना सीईओ रिपुदमन सिंह ने रखी। विशिष्ट अतिथि मनीष अग्रवाल रावी और नेशनल चैंबर के पूर्व अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल थे। इस दौरान 26 सदस्यों की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें अध्यक्ष राजेश अग्रवाल(रसोई रत्न), तरुण अग्रवाल, आशीष गर्ग, उत्कर्ष अग्रवाल और नितिन गोयल उपाध्यक्ष, महासचिव अनुज सिंघल (नंदिनी सॉल्ट), सह सचिव शैलेष अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, विवेक अग्रवाल और सिद्धार्थ अग्रवाल के अलावा पांच सदस्यीय सलाहाकार समिति में राहुल जैन, सीएस अनुज अशोक, सीए नितेश गुप्ता, इंजी. उमेश शर्मा, एडवोकेट अभिनव रस्तोगी, कार्यकारी सदस्य राजेश गोयल, अमित अग्रवाल, गगन मित्तल, मधुकर गुप्ता, वेदपाल धर, राजेश अग्रवाल, अतुल बंसल, अशोक लालवानी, संदीप रस्तोगी, मनीष अग्रवाल, महावीर मंगल को शपथ दिलाई गई। कार्यकारिणी की घोषणा सुभाष चंद्र गोयल, मुरारी लाल अग्रवाल, द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, राजेश गोयल, राजकुमार भगत, अमर मित्तल, विष्णु कुमार गोयल, दिनेश राठौड़, टीएन अग्रवाल, पूरन डावर, विनोद अग्रवाल ने की। इस मौके पर चैंबर के महासचिव अनुज सिंघल ने बताया कि संगठन द्वारा खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में सरकार की योजनाओं की जानकारी समय पर प्रदान की जाएगी। सरकार और प्रशासन के समक्ष उद्योग और व्यापारियों से जुड़ी परेशानियों को रखा जाएगा। आयात और निर्यात के क्षेत्र की सभी जानकारियां साझा की जाएंगी। गल्ला, फल, सब्जी, मेवा, किराना और खाद्य मंडियों की सुरक्षा के लिए प्रयास करेंगे। समय-समय पर प्रदर्शनी और सेमिनार किए जाएंगे। संरक्षक दिनेश राठौड़ ने कहाकि खाद्य तेल के रूप में भारत बड़ी भूमिका निभा रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत में उत्पादित तेल की मांग बढ़ी है। संगठित होकर कार्य करने से विश्व बाजार की मांग की पूर्ति में तेजी आएगी। धन्यवाद ज्ञापन अनुज सिंघल ने दिया।

- संगठन का उद्देश्य देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को समृद्धि की दिशा में अग्रसित करना है। यह संगठन खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के उत्थान, विकास और सुधार को प्रोत्साहित करने के लिए गठित हुआ है। टीएन अग्रवाल, अध्यक्ष आगरा व्यापार मंडल
- आगरा के उद्यमियों को नये अवसर प्रदान करने के साथ ही संगठन का मुख्य उद्देश्य आगरा उद्योग से संबंधित नियमों और निदेशों की समीक्षा करना और संभावित उत्पीड़न को रोकना है। राजेश अग्रवाल, अध्यक्ष चैंबर ऑफ फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री एसोसिएशन आगरा
- चैंबर द्वारा सरकार और संबंधित संगठनों के साथ साझेदारी और संवाद को बढ़ावा भी दिया जाएगा। ताकि उद्यमियों को सही मार्गदर्शन और समर्थन मिल सके। राजेश गोयल, संरक्षक चैम्बर
- खाद्य प्रसंस्करण के रूप में भारत तेजी से अपना वर्चस्व विश्व बाजार में बनाने को अग्रसित है। संगठन आगरा के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देगा। निर्यात के क्षेत्र में भी आगरा के खाद्य उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा। चैम्बर के रूप में काम करके अब इस प्रयास को और अधिक गति मिलेगी। पूरन डावर, अध्यक्ष एफमेक

## वार्ष्णेय स्पोर्ट्स क्लब ने मनाई अक्रूर महाराज की जयंती

एनएनआई

**आगरा।** वार्ष्णेय स्पोर्ट्स क्लब द्वारा अक्रूर महाराज की जयंती मनाई गई। अक्रूर चौक पश्चिमपुरी में कार्यक्रम का उद्घाटन पार्षद श्रीमति रेनू गुप्ता ने अक्रूर महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। अक्रूर महिला वाहिनी की अंजली गुप्ता ने पार्षद रेनू गुप्ता का अंग वस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया। नेमी चंद्र वार्ष्णेय का अक्रूर महाराज का छायाचित्र देकर अभिवादन किया। इस दौरान 101 लीटर मिल्क शेक और 501 बिस्किट के पैकेट बांटे गए। क्लब के संयोजक विनय कुमार वार्ष्णेय ने वार्ष्णेय बंधुओं का आभार जताया। इस मौके पर अंजली, स्वेता, चित्रा, अंजु, रश्मि, डॉ. मनोज




वार्ष्णेय, मुकुल, जय कुमार, रवि कांत, सत्यशील, अभिषेक, एसके गुप्ता, एन सी वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## अम्बेडकर शोभायात्रा का किया स्वागत

एनएनआई

**आगरा।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर गुदड़ी मंसूर खां पर नव युवा भीम कमेटी द्वारा भव्य मंच बनाकर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शुभारंभ भाजपा नेता नीतेश शिवहरे ने फीता काटकर किया। नव भीम युवा कमेटी के संयोजक रोहन राज ने बताया कि शोभायात्रा में झांकी में आए लोगों का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर पार्षद अनुज शर्मा, पार्षद अनुराग चतुर्वेदी, रॉबिन गुप्ता, विजय चौहान, रोहित राज, कृष्ण प्रसाद, अर्जुन राठौर, आयुष ठाकुर और अवध बंसल आदि मौजूद रहे।



## ये दिल का मामला है...

- शहीद स्मारक पर कार्डियक अरेस्ट में दी बेसिक लाइफ सपोर्ट की जानकारी



एनएनआई

**आगरा।** कार्डियक अरेस्ट एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या के तौर उभरा है। लोगों को कार्डियक अरेस्ट बहुत ज्यादा आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में समय नहीं मिल पाता। समय पर चिकित्सकीय सहायता न मिले तो जान भी जा सकती है। इसी को लेकर विमल महेश फाउंडेशन द्वारा शहीद स्मारक पार्क संजय प्लेस में लगाए गए हृदय सुरक्षा चिंतन शिविर में कार्डियक अरेस्ट आने की स्थिति में बेसिक लाइफ सपोर्ट के बारे में जानकारी दी गई। कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में पीड़ित को सीपीआर किस प्रकार दिया जाए। संस्था अध्यक्ष प्रवेश शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन लोगों को सीपीआर की ट्रेनिंग देने के लिए जगह-जगह पर कैंप लगा रही है। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जानकारी पहुंचाई जा सके और लोगों का जीवन बच सके। यदि समय पर कार्डियक अरेस्ट से पीड़ित व्यक्ति को सीपीआर दिया जाए तो पीड़ित के जान बचने की संभावना बढ़ जाती है। स्थानीय निवासी भगत सिंह राणा, अजय अग्रवाल, सोनिया जैन, रवि अग्रवाल, अजय जैन और चिंतामणि ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर फाउंडेशन दिनेश केसरवानी, महेन्द्र कुमार जैन, ज्योति केसरवानी, सोमेश शर्मा, मनोज नोतनानी, अजय दुबे, शिवम वर्मा आदि मौजूद रहे।



# सम्मेलन में फिजियोथेरेपिस्टों ने साझा किए अनुभव

- अन्तरराष्ट्रीय फिजियोथेरेपी सम्मेलन में शामिल हुए देश-विदेश के चिकित्सक

एनएनआई





**आगरा।** होटल रेडिसन में द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय फिजियोथेरेपी सम्मेलन आईसीपीटीए-2024 में देश-विदेश के फिजियोथेरेपिस्ट ने अपने विचार और अनुभव साझा किए। सम्मेलन में दुबई से डॉ. सर्वात अबुलमग्ड, कैमरून से डॉ. कृष्णा शर्मा, दिल्ली एम्स से डॉ. राहुल और डॉ. मनोज सिंह ने अलग-अलग विषयों पर स्पीच दी। सम्मलेन में फिजियोथेरेपी में होने वाले अत्याधुनिक इलाज के बारे में भी जानकारी दी गई। सम्मलेन के चेयरपर्सन डॉ. जेऐस इंदौलिया ने बताया की ऐसा सम्मलेन आगरा में दो साल पहले हुआ था, लेकिन इस बार देश-विदेश से तीन सौ से अधिक फिजियोथेरेपिस्टों ने भाग लिया। डॉ. अमित शर्मा ने बताया कि सम्मलेन आगरा शहर के लिए एक मील का पत्थर से साबित हुआ है। ऐसे सम्मलेन शहर के फायदे के लिए होते रहने चाहिए। सम्मेलन में मीरत से आये डॉ. वीके खोखर, दिल्ली से डॉ. हिमांद्री कपिल और डॉ. सूर्यमणि भी मौजूद रहे।

# आओ मिलकर यमुना मैया को बचाएं

- कैलाश मंदिर घाट पर मां यमुना आरती में बिखरी अलौकिक छटा

एनएनआई

**आगरा।** आओ यमुना मैया को स्वच्छ बनाएं। पावन यमुना को उसके स्वरूप में लाने के संकल्प के साथ कैलाश मंदिर घाट पर महंत गौरव गिरी गोस्वामी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां यमुना की आरती कराई। हर सोमवार को यमुना घाट पर होने वाली इस आरती में नदी को स्वच्छ बनाने में सहयोग का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर महंत गौरव गिरी गोस्वामी ने कहाकि हमारी संस्कृति हमें समृद्धि की ओर ले जाने में मदद करती है। श्री बांके बिहारी एजुकेशनल सोसाइटी अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन शर्मा ने कहाकि यमुना नदी को मां का दर्जा दिया गया है। मां यमुना आरती का आयोजन इसलिए भी कराया गया है। ताकि यहां पर शहरवासी आएं और यमुना नदी के महत्व को समझें और जानें। उन्होंने लोगों से अपने शहर घर के साथ-साथ यमुना नदी को भी स्वच्छ रखने की अपील की है। नदी में कूड़ा न डालें। यमुना जीवनदायिनी हैं। आरती के मुख्य अतिथि विश्वास शर्मा, अनिशा शर्मा, संजय शर्मा, मंजू शर्मा, अविनाश वर्मा रहे। इस दौरान निक्की भगत, गब्बर राजपूत, अरुण श्रीवास्तव और आलोक शर्मा आदि मौजूद रहे।



# बाबा साहेब ने हमेशा समानता और भाई-चारे पर बल दिया

- आगरा रेल मंडल में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती

एनएनआई



**आगरा।** बाबा साहेब के आदर्शों और सिद्धांतों को अपने जीवन में ढालना ही उनके प्रति सच्चा सम्मान होगा। बाबा साहेब ने हमेशा सामाजिक समरूपता, समानता और भाई-चारे पर बल दिया। उक्त विचार डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती पर अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रणव कुमार ने व्यक्त किए। आगरा रेल मंडल के गोवर्धन सभागार में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 133वाँ जन्मोत्सव अपर मंडल रेल प्रबन्धक प्रणव कुमार की अध्यक्षता में मनाया गया। बाबा साहब के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण से शुरू हुए कार्यक्रम में प्रणव कुमार ने बाबा साहेब द्वारा बताये गये सिद्धान्तों पर चलने का आह्वान किया। यही उनके प्रति हमारा सच्चा सम्मान होगा। इस दौरान रेलवे अधिकारियों और यूनियन के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर रेल मंडल के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ रेलवे यूनियनों एनसीआरईएस, एनसीआरएमयू और एससी-एसटी एसोसिएशन व ओबीसी एसोशिएसन के पदाधिकारी मौजूद रहे।






### भीषण बस हादसा: पुरी से बंगाल जा रही यात्री बस पुल से नीचे गिरी

# पांच लोगों की मौत, 30 घायल




**जाजपुर (ओडिशा)।** ओडिशा में भीषण बस दुर्घटना की खबर सामने आई है। जाजपुर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत अग्रवाल ने बताया कि हादसे का शिकार हुई बस पुरी से पश्चिम बंगाल जा रही थी। रास्ते में बस चालक नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में 42-43 लोग सवार थे। फिलहाल, उपलब्ध जानकारी के अनुसार, पांच लोगों की जान चली गई है। एसपी विनीत अग्रवाल ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त का प्रयास जारी है। बस में सवार ज्यादातर यात्री पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। ओडिशा के जाजपुर में एक बस पुल से गिर गई है। इस हादसे में एक महिला सहित 5 लोगों की मौत हो गई है। वहीं कुल 40 लोग हादसे में घायल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये बस पुरी से कोलकाता जा रही थी, इसी दौरान ये हादसा हुआ। वहीं बस पुल से गिर जाने के कारण एक महिला सहित कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और करीब 40 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने इस हादसे के बारे में जानकारी दी है। वहीं इस हादसे के बाद ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक ने भी दुख व्यक्त किया है। इसके साथ ही मृतकों के परिजन के लिए तीन-तीन लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा भी की है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यह दुर्घटना रात करीब 9 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-16 के बाराबती पुल पर उस समय हुई, जब 50 यात्रियों वाली बस पुरी से कोलकाता जा रही थी। धर्मशाला पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक तपन कुमार नाइक ने कहा कि दुर्घटना में चार पुरुषों और एक महिला की मौत हो गई है। करीब 40 लोग घायल हैं और उनमें से 30 को कटक एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है। वहीं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस दुर्घटना पर खेद व्यक्त किया और मृतकों के परिजन के लिए तीन-तीन लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की।

सीएम नवीन पटनायक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि "जाजपुर जिले के बारबती स्ट्रीट इलाके में यात्री बस दुर्घटना के बारे में जानकर दुख हुआ। मैं मृतकों की अमर आत्मा के लिए प्रार्थना करता हूं और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। साथ ही, मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## डोनाल्ड ट्रंप की रैली में लगे बाइडन के खिलाफ नारे




**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के चलते अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के खिलाफ भी अमेरिका में भी नाराजगी बढ़ रही है। इसकी बानगी तब देखने को मिली, जब पेन्सिलवेनिया में डोनाल्ड ट्रंप एक रैली को संबोधित कर रहे थे, उसी दौरान कुछ लोगों ने जो बाइडन को खत्म करने के नारे लगाने शुरू कर दिए। जिसके बाद कई अन्य लोगों ने भी ऐसे ही नारे लगाए।

दरअसल डोनाल्ड ट्रंप रैली को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने 'जो बाइडन को खत्म करो' (जेनोसाइड जो) के नारे लगाने शुरू कर दिए। जिन्हें सुनकर डोनाल्ड ट्रंप ने अपना भाषण रोक दिया। इसके बाद कई और लोगों ने भी ऐसे ही नारे लगाने शुरू कर दिए। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि 'ये गलत भी नहीं हैं। उन्होंने (जो बाइडन) सब कुछ गलत किया है।' 'जेनोसाइड जो' एक मुहावरा है, जिसे फलस्तीन समर्थक अक्सर जो बाइडन के खिलाफ इस्तेमाल करते हैं। इस्राइल हमास युद्ध में जो बाइडन ने इस्राइल का खुलकर समर्थन किया है। इस्राइल के हमले में गाजा में 33 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। यही वजह है कि फलस्तीन समर्थक जो बाइडन से नाराज हैं।

## 18 माह की मासूम को उतारा मौत के घाट

**ठाणे।** मुंबई से सटे ठाणे इलाके के मुंब्रा में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां मां-बाप ने मिलकर अपनी 18 महीने की बच्ची की हत्या कर दी। पूरा मामला M.M. विले इलाके का है। जहां जाहिद शेख और उसकी पत्नी नूरानी शेख अपने 5 बच्चों के साथ रहते थे। जाहिद शेख मूल रूप से झारखंड का रहने वाला है। दरअसल, जाहिद शेख की और उसकी पत्नी के 5 बच्चें हैं। ये दोनों आखिर की 2 बच्चियों को पालना नहीं चाहते थे, इसलिए सबसे पहले 18 महीने की छोटी बेटी को मौत के घाट उतार दिया। बच्ची को मारने के लिए उन्होंने उसके सिर पर किसी हथियार से हमला किया। जब बच्चे के सिर से ज्यादा खून बहने लगा तो ये दोनों उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। वहां पर बच्ची को भर्ती कराया और इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। इसके दोनों ने अपने आपको बचाने के लिए और पुलिस को गुमराह करने के लिए तंत्र-मंत्र और भूत-प्रेत होने का ढोंग रचा। पुलिस पूछताछ में जाहिद शेख और उसकी पत्नि नूरानी शेख ने बताया कि वह अपने बच्चों में से सबसे आखिर की 2 लड़कियों को पालना नहीं चाहते थे, इसलिए घर पर ही 18 महीने की बच्ची पर हथियार से हमला कर दिया। खुद को पुलिस से बचाने के लिए झूठी कहानी बनाई और बच्ची के मरने की वजह भूत प्रेत का साया होना बताया।

## इजराइल पर ईरान के हमलों के बाद एक्शन में अमेरिका

**वाशिंगटन।** ईरान की तरफ से अमेरिका पर किए गए हमलों के बाद दुनिया तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। इजराइल ने भी ईरान को जवाब देने की ठान ली है जिससे दुनिया के तमाम मुल्कों की टेंशन बढ़ गई है। इस बीच अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इजराइल पर ईरान के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में संकट पैदा होने की आशंका के बीच जॉर्डन, सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र के समकक्षों से बातचीत की है। विदेश मंत्री ब्लिंकन के अलावा अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने भी सऊदी अरब और इजराइल के रक्षा मंत्रियों से बात की है। ईरान ने इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागी, जिन्हें इजराइली, अमेरिकी और उसके सहयोगी सेनाओं ने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही हवा में मार गिराया। ईरान ने इन हमलों को सीरिया में उसके वाणिज्य दूतावास पर एक अप्रैल को किए गए हमले का जवाब बताया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बताया कि जी-7 देशों के नेताओं ने गाजा में संकट का स्थायी हल निकालने के लिए राजनयिक प्रयासों के महत्व पर भी जोर दिया जो इजराइल और फलस्तीन के लिए स्थायी शांति और सुरक्षा प्रदान करता है।

## सिडनी में एक बार फिर चाकूबाजी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में एक बार फिर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। इस बार सिडनी के चर्च में प्रार्थना सभा के दौरान एक शख्स ने बिशप पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए हैं। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक शख्स प्रार्थना के दौरान ही बिशप पर चाकू से हमला करता नजर आता है। इस हमले में बिशप समेत कई अन्य लोग बुरी तरह से घायल बताए जा रहे हैं। घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चाकूबाजी की घटना को लेकर सिडनी के पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हमले के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। चाकूबाजी की इस घटना में चार और लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में वो लोग शामिल हैं जो पादरी को बचा रहे थे। जानकारी के मुताबिक, बिशप मार मारी इमैनुएल वेकले में क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च में सामूहिक प्रार्थना कर रहे थे, तभी एक व्यक्ति उनके पास आया और उनपर चाकू कई बार वार किया।

## सलमान के घर के बाहर फायरिंग के दोनों आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित आवास के बाहर गोली चलाने के दोनों आरोपी गुजरात के भुज से गिरफ्तार कर लिए गए हैं। मामले की जांच कर रही मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम को यह बड़ी सफलता देर रात मिली। खबर के मुताबिक गुजरात पुलिस की टीम ने पश्चिमी कच्छ से दोनों को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है। मुंबई क्राइम ब्रांच दोनों आरोपियों को लेकर मंगलवार सुबह रवाना होगी। दोनों से मुंबई में पूछताछ की जाएगी। बता दें कि अभिनेता सलमान के आवास के बाहर बाइक पर सवार दो लोगों ने रविवार को फायरिंग की थी। इस मामले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से जुड़े लोगों का नाम भी सामने आया है।

## ईरानः जल्द ही जब्त जहाज में इंडियन क्रू मेंबर्स से मिल सकेंगे अधिकारी



**ईरान।** ईरान ने इजराइल के खिलाफ जंग का एलान कर दिया है। ईरान की तरफ से इजराइल को निशाना बनाते हुए एक के बाद एक करीब 300 मिसाइल और ड्रोन अटैक किए गए हैं। सैन्य हमले से इतर भी ईरान ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हार्मुज जलडमरूमध्य के निकट एक जहाज पर भी कब्जा किया है। यह जहाज एक इजराइली अरबपति कारोबारी के आंशिक स्वामित्व वाली कंपनी से संबंधित मालवाहक जहाज है। इस जहाज पर 17 भारतीय भी सवार हैं जिसकी जानकारी मिलने के बाद भारत का विदेश मंत्रालय एक्टिव हुआ और अब ईरान के विदेश मंत्री का भी इस मामले पर बयान आया है। ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा है कि उनका देश भारतीय अधिकारियों को उस मालवाहक जहाज के चालक दल के 17 भारतीय सदस्यों से मिलने की अनुमति देगा, जिसे ईरान की सेना ने शनिवार को होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट अपने कब्जे में ले लिया था। बातचीत में जयशंकर ने पुर्तगाली झंडे वाले मालवाहक जहाज एमएससी एरीज पर सवार चालक दल के भारतीय सदस्यों को रिहा करने के लिए कहा था। बयान में अमीर-अब्दुल्लाहियन के हवाले से कहा गया है, हम जब्त किए गए जहाज के विवरण पर नजर रख रहे हैं और जल्द ही भारत सरकार के प्रतिनिधियों के लिए उक्त जहाज के चालक दल से मिलना संभव होगा। इसमें कहा गया कि जयशंकर ने चालक दल के 17 भारतीय सदस्यों की स्थिति के बारे में चिंता व्यक्त की और इस संबंध में ईरान से सहायता का अनुरोध किया था।

# इंडोनेशिया में कई लोग और घर मिट्टी में दबे, 33 की मौत



**किन्शासा/तारा तोराजा।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान से लेकर कजाखस्तान व रूस तक जारी बारिश-बाढ़ के चलते लाखों को जहां सुरक्षित जगहों पर शरण लेनी पड़ी, वहीं कई जगह भूस्खलन भी हुआ। इसमें कुल 33 लोगों की मौत हुई है। दक्षिण-पश्चिम कांगो में 15 लोग मारे गए व 60 लापता हैं। वहीं, इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर भूस्खलन के बाद बचाव दल ने 18 शव निकाले हैं। दो अब भी लापता हैं। कांगो के इडियोफा शहर के निकट बंदरगाह से कुछ दूरी पर भूस्खलन के बाद सात लोग जीवित मिले हैं। यहां बंदरगाह से आगे एक पहाड़ी की मिट्टी बारिश के कारण खिसकने से हालात बिगड़ गए। लापताओं की सटीक संख्या अफसरों के लिए फिलहाल बता पाना मुश्किल है, क्योंकि यहां लगने वाले बाजार में कई लोग बाहर से भी आए थे। उधर, इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर हुए भूस्खलन में 18 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। बचावकर्मियों ने मकाले गांव से 14 शवों को मलबे से निकाला, जबकि दक्षिण मकाले में चार शव मलबे से बाहर निकाले गए। पिछले दो सप्ताह से तंजानिया में बाढ़ से 58 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि पूर्वी अफ्रीकी देश में भारी बारिश जारी है। तटीय क्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं, जहां 1,26,831 लोग प्रभावित। पड़ोसी केन्या में बाढ़ से अब तक कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। दोनों देशों में बुनियादी ढांचे को क्षति पहुंची है। रूस की क्षेत्रीय सरकार ने सोमवार को कहा कि बाढ़ के कारण रूस के कुर्गन क्षेत्र में लगभग 13,000 लोगों को बाहर निकाला गया है। ये लोग हाल में आई भीषण बाढ़ के चलते क्षेत्र में फंसकर रह गए थे। उधर, कजाखस्तान में बाढ़ के चलते 1.08 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। यहां करीब 5,000 घर अब भी बाढ़ में डूबे हुए हैं। इंडोनेशिया में पहाड़ों की मिट्टी खिसककर घरों पर आ गिरने से बड़ा नुकसान हुआ। यहां पूरी पहाड़ी नीचे घरों पर गिर गई और अधिकांश लोग दब गए।

## संपादकीय

# महाराष्ट्र,झारखंड, बिहार भाजपा की सीटों पर विवाद

**भारतीय** जनता पार्टी ने पूरे देश में गठबंधन तय कर लिया है और कहीं भी उसे सीट बंटवारे में समस्या नहीं हुई। लेकिन महाराष्ट्र में उसकी समस्या समाप्त नहीं हो रही है। असली शिव सेना और असली एनपीसी यानी एकनाथ शिंदे और अजित पवार गुट के साथ कई सीटों का बंटवारा तय नहीं हो रहा है। ज्यादातर सीटों पर सहमति बन गई है और राज ठाकरे की पार्टी के समर्थन के बदले में कोई सीट नहीं मांगने की वजह से भी भाजपा को आसानी हुई। लेकिन के कम से कम तीन सीटें ऐसी हैं, जिनको लेकर तनाव बना हुआ है। ये सीटें हैं नासिक, सातारा और सिधुंदुर्ग रत्नागिरी की। नासिक सीट पर अजित पवार गुट की एनसीपी का दावा है। इस लोकसभा सीट के अंदर आने वाली एक विधानसभा सीट से छगन भुजबल विधायक हैं और उनको चुनाव लड़ना है। उन्होंने साफ कर दिया है कि वे लड़ेंगे तो एनसीपी के चुनाव चिन्ह पर ही लड़ेंगे। यानी उनको भाजपा के कोटे से इस सीट पर नहीं लड़ना है। इसी तरह सिंधुदुर्ग रत्नागिरी सीट पर नारायण राणे हैं लेकिन एकनाथ शिंदे गुट का कहना है कि उसे यह सीट चाहिए। कल्याण सीट से मुख्यमंत्री के बेटे की टिकट की घोषणा हो गई है लेकिन कई और सीटों का मामला अब भी अटका है। वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ने बिहार और झारखंड में बहुत पहले अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी। हालांकि झारखंड में अभी तक नामांकन शुरू नहीं हुआ है क्योंकि राज्य की 14 लोकसभा सीटों पर चौथे चरण से मतदान शुरू होना है। इसलिए 18 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। बिहार में सभी सात चरणों में चुनाव होने वाले हैं।पहले दो चरण के नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई और तीसरे चरण का नामांकन चल रहा है। लेकिन दोनों राज्यों में टिकट बंटवारे के साथ शुरू हुआ विवाद खत्म नहीं हो रहा है। वैसे तो भाजपा ने बहुत कम नेताओं की टिकट काटी है लेकिन जिनकी टिकट कटी है उनमें से कई नेता बागी हो गए हैं और चुनाव में भाजपा को नुकसान पहुंचाने का संकल्प किए हुए हैं। जिन नेताओं को भाजपा ने टिकट दी है या जिनकी टिकट रिपीट की है उनके खिलाफ अलग नाराजगी है, जो प्रत्यक्ष दिखाई दे रही है। इसकी वजह से कई सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की लड़ाई मुश्किल हो गई है। बिहार की शिवहर सीट से सांसद रमा देवी की टिकट भाजपा ने काट दी है। वे वैश्य समुदाय से आती हैं। उनका समुदाय उनके साथ है और कहा जा रहा है कि वे अपनी बेटी रागिनी गुप्ता को पूर्वी चंपारण सीट पर राधामोहन सिंह के खिलाफ चुनाव में उतारेंगी। विपक्षी गठबंधन में यह सीट विकासशील इंसान पार्टी के पास है, जिसके नेता से उनकी बात हो रही है। इसी तरह बक्सर सीट पर टिकट कटने से नाराज अश्विनी चौबे के समर्थक भाजपा के मिथिलेश तिवारी के खिलाफ कमर कसे हुए हैं। मिथिलेश तिवारी गोपालगंज के रहने वाले हैं, जिनको बक्सर ले जाकर लड़ाया जा रहा है। मुजफ्फरपुर के सांसद अजय निषाद कांग्रेस में शामिल हो गए हैं और भाजपा के राजभूषण चौधरी के खिलाफ चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। पिछले चुनाव में अजय निषाद ने राजभूषण चौधरी को ही हराया था लेकिन इस बार भाजपा ने उनको ही टिकट दे दी।उधर झारखंड में सबसे ज्यादा विवाद धनबाद सीट को लेकर है, जहां भाजपा ने ढुलू महतो को टिकट दिया है। उनको लेकर कई तरह के विवाद हैं। सरयू राय का दावा है कि उनके ऊपर 50 मुकदमे हैं। भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ साथ सबसे प्रतिबद्ध मतदाता समूह यानी वैश्य और सवर्ण दोनों नाराज बताए जा रहे हैं। हजारीबाग में जयंत सिन्हा की टिकट कटने से भी नाराजगी है और उनके पिता यशवंत सिन्हा ने सोशल मीडिया में यह जानकारी दी है कि भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के बेटे ने 2021 में चार करोड़ का चुनावी बॉन्ड खरीद कर पार्टी को दिया और उनको 2024 में टिकट मिल गई। दुमका में शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन को टिकट देने से भी पार्टी नेताओं में नाराजगी है।

इसी तरह बक्सर सीट पर टिकट कटने से नाराज अश्विनी चौबे के समर्थक भाजपा के मिथिलेश तिवारी के खिलाफ कमर कसे हुए हैं। मिथिलेश तिवारी गोपालगंज के रहने वाले हैं, जिनको बक्सर ले जाकर लड़ाया जा रहा है। मुजफ्फरपुर के सांसद अजय निषाद कांग्रेस में शामिल हो गए हैं और भाजपा के राजभूषण चौधरी के खिलाफ चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। पिछले चुनाव में अजय निषाद ने राजभूषण चौधरी को ही हराया था लेकिन इस बार भाजपा ने उनको ही टिकट दे दी।उधर झारखंड में सबसे ज्यादा विवाद धनबाद सीट को लेकर है, जहां भाजपा ने ढुलू महतो को टिकट दिया है। उनको लेकर कई तरह के विवाद हैं।

# चिंताजनकः अंटार्कटिका की बर्फ में दफन हो रहे अंतरिक्ष के रहस्य

## बर्फ में दब रहे पांच हजार से अधिक उल्कापिंड



जलवायु परिवर्तन की वजह से अंटार्कटिका में बर्फ तेजी से पिघल रही है, जिसके चलते सालाना करीब 5,000 उल्कापिंड बर्फ की गहराइयों में दफन हो रहे हैं। शोधकर्ताओं ने ताजा अध्ययन में इसका खुलासा किया है।?वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति से लेकर, चंद्रमा के निर्माण समेत कई ऐसे रहस्य हैं जिनके जवाब इन उल्कापिंडों से मिल सकते हैं।

शोधकर्ताओं ने बताया कि अंटार्कटिका किसी रहस्यमयी दुनिया से कम नहीं, बर्फ की सफेद चादर से ढंका महाद्वीप है। यह अपने अन्दर अनगिनत रहस्यों को समेटे हुए है, इन्हीं रहस्यों में से एक है यहां मौजूद उल्कापिंड, जो अनगिनत संख्या में अंटार्कटिका की सतह पर जमा हैं। बेल्जियम, स्विट्जरलैंड और यूके के शोधकताओं का यह अध्ययन नेचर क्लाइमेट चेंज में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन में बताया कि अंटार्कटिका से उल्कापिंड एकत्र करने की दर से पांच गुना तेज इनकी संख्या घट रही है। वहां से हर साल औसतन 1,000 उल्कापिंड एकत्र किए गए हैं। पृथ्वी पर अब तक करीब 80,000 उल्कापिंड खोजे गए हैं, जिसमें 60 फीसदी अंटार्कटिका की सतह पर पाए गए हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यहां अभी 3 से 8.50 लाख उल्कापिंड एकत्र किए जाने बाकी हैं। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि अंटार्कटिका में 40% से अधिक बर्फ की चट्टानें सिकुड़ चुकी हैं और इनमें से आधी में सुधार के कोई संकेत नहीं दिख रहे। 1979 से सैटेलाइट से अंटार्कटिका पर नजर रखी जा रही है।

बढ़ते तापमान की वजह से पिछले 25 वर्षों में अंटार्कटिका करीब साढ़े सात लाख करोड़ टन बर्फ खो चुका है। अंटार्कटिका धरती के सात महाद्वीपों में से एक है, जो 140 लाख वर्ग किमी में फैला है। इसे दुनिया का आखिरी छोर भी कहा जाता है। अंटार्कटिका में तापमान चार डिग्री सेल्सियस से भी कम रहता है। इसकी बर्फ में ऐसे कई रहस्य दफन हैं जो विज्ञान के नजरिए से बेहद मायने रखते हैं। ऐसे में इन उल्कापिंडों को पुनः प्राप्त करने के प्रयासों में तेजी लाने का आह्वान किया है।

# अंटार्कटिका में समुद्री-बर्फ क्यों धंसती जा रही है नीचे

**अंटार्कटिका** में आये इस बदलाव को लेकर वैज्ञानिक मानते हैं इसकी वजह केवल जलवायु परिवर्तन नहीं है। पिछले 40 सालों में यहां कई बार परिवर्तन देखा गया है। मानवीय गतिविधियां भी इसके लिए जिम्मेदार है। अंटार्कटिका का पर्यावरण एक बार फिर संकट में है। यहां समुद्री-बर्फ रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। पर्यावरणविदों ने इस बारे में गंभीर चिंता जताई है। इससे पहले साल 2022 और 2017 में भी यहां समुद्री-बर्फ रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी। वैज्ञानिकों के मुताबिक अंटार्कटिक समुद्री-बर्फ क्षेत्र में आये इस बदलाव की वजह केवल जलवायु परिवर्तन नहीं है। सैटेलाइट से मिले डाटा के मुताबिक पिछले 40 सालों में यहां बहुत परिवर्तन देखा गया है। ग्रीष्मकालीन बर्फ की छोटी और छोटी मात्रा में गिरावट की प्रवृत्ति केवल पिछले कुछ वर्षों में दिखाई दे रही है।



## नया परिवर्तन कितना खतरनाक है?

**पर्यावण** वैज्ञानिकों ने यहां के मंजर को देखते हुए भविष्यवाणी की थी कि परिस्थिति चिंतानजक है। इसका असर लंबे समय तक दिखाई देने वाला है। यहां ग्लोबल वार्मिंग के चलते गर्मियों में यहां हर साल समुद्री-बर्फ की मात्रा 12-13 फीसदी कम हो रही है। वैज्ञानिक बताते हैं कि 19वीं शताब्दी में भी यहां हालात बिगड़े थे लेकिन जल्द ही स्थिति में सुधार हो गया। लेकिन हाल-फिलहाल यहां रिकॉर्ड परिवर्तन दिखाई दे रहा है। शोधकताओं का मानना है कि अंटार्कटिका की वर्तमान परिस्थिति ओजोन छेद की उपस्थिति और वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों के बढ़ने से जुड़ी है।

## गर्म हवा समुद्री-बर्फ का दुश्मन

पर्यावरण वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस साल समुद्री बर्फ में रिकॉर्ट गिरावट अंटार्कटिक प्रायद्वीप के पश्चिम और पूर्व में गर्म हवाओं के थपेड़े के चलते देखने को मिली है। चिंता की बात ये है कि इस साल लंबे समय तक औसत 1.5C का तापमान बना रहा। वैज्ञानिक कहते हैं यहां सदर्न एनुलर मोड नाम की भी कोई चीज है, जो इस क्षेत्र में अहम रोल निभा रही है। यह अंटार्कटिका के चारों ओर वायुमंडल में दबाव बनाती है जिससे घुमावदार पछुआ हवा प्रभावित होती है।


## कहां है अंटार्कटिका ?

**अंटार्कटिका** एकदम निर्जन, अनोखा और दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा महाद्वीप है। यह प्राकृतिक रूप से बहुत खूबसूरत है। इसे प्रकृति का अनुपम उपहार माना जाता है। यह दूसरे महाद्वीपों के मुकाबले अधिक संवेदनशील है। यहां पर किसी भी प्रकार की गतिविधि यहां की प्रकृति के साथ छेड़छाड़ मानी जाती है। वास्तव में जब यहां परिवर्तन आता है तो उसे पूर्व रूप में लौटने में काफी समय लगता है। इसलिए इसे मानवीय स्तर पर बहुत संवेदनशील माना जाता है। यहां के जंगल और जंतु पर्यावरण का हिस्सा हैं।

## 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का पहला पोस्टर आया सामने




जान्हवी कपूर और राजकुमार राव जल्द ही 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में नजर आने वाले हैं। दोनों दूसरी बार किसी फिल्म में साथ में नजर आने वाले हैं, ऐसे में फैंस इस जोड़ी को स्क्रीन पर देखने के लिए खासा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। इसी बीच हाल ही में फिल्म का नया पोस्टर सामने आया है, जिसको देखने के बाद इस फिल्म के लिए फैंस का जोश दोगुना हो गया है। सामने आए पोस्टर में आप देख सकते हैं कि जान्हवी कपूर और राजकुमार राव इंडियन जर्सी पहने नजर आ रहे हैं। जिसपर दोनों का नाम 'महिमा' और 'महेंद्र' लिखा नजर आ रहा है. इसके साथ ही जर्सी पर 7 नंबर भी लिखा हुआ है। पोस्टर में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव दोनों अपने हाथ ऊपर की और उठाए खड़े दिख रहे हैं। हालांकि पोस्टर में उनका बैक साइड दिख रहा है। फिलहाल इस फिल्म से दोनों का लुक सामने नहीं आया है। फिल्म के पोस्टर को करण जौहर ने अपने इंस्टा पर शेयर किया है। इसके अलावा जान्हवी कपूर ने भी अपने सोशल मीडिया पर इस पोस्टर को शेयर किया है और लिखा है कि - 'जब तक वे एक-दूसरे से नहीं मिले, उन्हें नहीं पता था कि वे अपने सपनों का पीछा कर सकते हैं।'



# प्रियंका चोपड़ा

## की नेचुरल ब्यूटी पर फैंस हुए फिदा



एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुकी हैं। आज वो ग्लोबल स्टार कहलाती हैं। एक्टिंग के साथ-साथ प्रियंका अपने लुक और स्टाइल से भी लोगों के बीच छाई रहती हैं। प्रियंका चोपड़ा जहां भी जाती हैं लोग बस उन्हें देखते ही रह जाते हैं। आखिर देसी गर्ल का अंदाज ही कुछ ऐसा है जो लोगों के दिलों को छू जाता है। लेकिन इस वक्त प्रियंका अपने स्टाइल की वजह से नहीं बल्कि अपनी सादगी की वजह से लोगों का दिल चुराती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टा पर अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो अपने शूट पर जा रही हैं। इस दौरान वो अपनी व्हाइट वैनिटी में बैठी दिख रही हैं। हालांकि इस वीडियो में देसी गर्ल न तो मार्डन कपड़ों में नजर आ रही हैं, नहीं उन्होंने इस दौरान कोई मेकअप किसा है। फिर भी एक्ट्रेस अपनी सादगी से लोगों का दिल जीत रही हैं। प्रियंका के इस पोस्ट पर फैंस ढेर सारे कमेंट कर उनकी नेचुरल ब्यूटी की तारीफ करते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं प्रियंका ने अपने इस वीडियो को शेयर करते हुए बताया है कि उन्होंने हेड ऑफ स्टेट के डायरेक्टर से काम पर आते हुए लाइव वीडियो बनाने का आइडिया चुराया है। फिलहाल उनका ये वीडियो लोगों का दिल चुरा रहा है। बिना मेकअप भी प्रियंका का चोहरा काफी ग्लो कर रहा है। वहीं इससे पहले एक्ट्रेस अपनी 24 साल पुरानी फोटो शेयर करके चर्चा में आई थीं, जब उन्होंने साल 2000 में मिस वर्ल्ड का ताज अपने नाम किया था।

## राकेश मेहरा ने फरहान को ऑफर की थी 'रंग दे बसंती'

बॉलीवुड एक्टर फरहान अख्तर इंडस्ट्री के एक ऐसे वसेटाइल सेलिब्रिटी हैं जो एक्टिंग के साथ-साथ डायरेक्शन और राइटिंग, बॉलीवुड सॉन्स की कंपोजिंग से लेकर सिंगिंग भी करते हैं। पिछले कई सालों में फरहान ने बॉलीवुड की कई यादगार फिल्मों में काम किया है जिन्हें फैंस ने खूब पसंद किया है। लेकिन क्या आप जानते हैं फरहान ने आमिर खान की फिल्म 'रंग दे बसंती' को ठुकरा दिया था। एक इंटरव्यू में फिल्म मेकर राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि उन्होंने जब फरहान को देखा था तभी उन्होंने रंग दे बसंती फिल्म के लिए फरहान को ऑफर दे दिया था। ये ऑफर फिल्म में करण के रोल के लिए था. हालांकि इसे बाद में सिद्धार्थ ने निभाया था। फरहान खान ने उस वक्त फिल्म साइन करने से इसलिए मना कर दिया था क्योंकि वो तब डायरेक्टिंग, फिल्म मेकिंग, और अपने राइटिंग करियर पर फोकस करना चाहते थे। इस बारे में बात करते हुए राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने कहा- आप यकीन नहीं करेंगे साल 2004 में मैने उन्हें ऑफर दिया था। जिसके बाद मैंने भाग मिल्खा भाग 2013 बनाई लेकिन इस फिल्म के लिए एक्टर ने मना नहीं किया था। इस फिल्म के ऑफर के वक्त उनकी आँखों में चमक और मुस्कान थी। वर्क फ्रंट पर, फरहान अख्तर जुलाई से अपनी अगली अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, साथ ही वो जल्द रणवीर सिंह स्टारर अपनी नेक्स्ट डायरेक्टोरियल फिल्म डॉन 3 की भी तैयारी कर रहे हैं। बात करें एक्टर की फैन फालोविंग की तो एक्टर को इंस्टाग्राम पर 3 .9 मिलियन लोग फॉलो करते है। एक्टर अक्सर फैंस के साथ आस्क मी सेशन करते हैं। जिसमें वो फैंस के साथ अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में शेयर करते हैं. इससे पहले एक्टर जिंदगी मिलेगी न दोबारा, भाग मिल्खा भाग, दिल धड़कने दो जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं।

## शादी की खबरों पर ये बोलीं प्रियंका चाहर



'बिग बॉस 16' फेम और एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी इन दिनों अपने नए प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। वहीं उनकों लेकर शादी की भी अफवाहें उड़ रही हैं। खबरें है कि प्रियंका जल्द ही अंकित गुप्ता संग शादी रचाने वाली हैं. लेकिन अब 'उड़ारियां' एक्ट्रेस ने खुद अपनी शादी को लेकर चुप्पी तोड़ी है और बताया है कि इन खबरों में कितनी सच्चाई है। प्रियंका चाहर चौधरी ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है। इस बातचीत में एक्ट्रेस ने अपनी शादी की खबरों पर रिएक्ट किया है। उन्होंने बताया है कि ऐसा कुछ भी नहीं है और ना ही उन्होंने शादी के बारे में कुछ सोचा है। प्रियंका ने कहा कि- मैं अपनी शादी की खबरें पढ़ रही हूं। कुछ लोग उन खबरों पर मुझे टैग कर रहे हैं. मेरे कई सारे दोस्तों ने भी मुझे ऐसी न्यूज भेजी हैं। ये सब देख कर मैं बहुत हैरान हुई. मुझे नहीं पता की ये रूमर्स आखिर कहां से उड़े हैं। ऐसा कुछ प्लान नहीं है दोस्तों। अभी मैंने शादी के बारें में सोचा तक नहीं है। ऐसी कोई बात मैं नहीं कर रही हूं। कुछ लोगों को ऐसी बातें करने का शौक होता है और कोई उन्हें रोकता भी नहीं है। उनको बोलने दो जब कुछ होगा आप लोगों को पत चल जाएगा। प्रियंका से आगे पूछा गया कि क्या ऐसी खबरें उन्हें परेशान करती हैं? इसके जवाब में एक्ट्रेस ने कहा कि- मुझे सिर्फ एक चीज से दिक्कत और परेशानी है वो ये है कि जब तक वो इंसान कंफर्म नही करता है तब तक आप अपनी मर्जी से कुछ भी कैसे चला सकते हैं। जिसके बारे में आप बोल रहे हैं जब तक उससे कंफर्मेशन ना आ जाए प्लीज ऐसा मत लिखिए। थोड़ा सब्र रखिए. अगर मैं ऐसी खबर को नकार रही हूं तो आपको ऐसी खबरें नहीं चलानी चाहिए किसी के भी बीहाफ पर। वरना मुझे कोई दिक्कत नहीं है।

# वाह... सनराइजर्स हैदराबाद

• आईपीएल का सबसे बड़ा लक्ष्य चेज नहीं कर सकी आरसीबी, हैदराबाद को मिली जीत, कार्तिक ने दिखाया दम





बेंगलोर। कप्तान फाफ डुप्लेसिस और दिनेश कार्तिक की आतिशी पारियों के बावजूद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल का सबसे बड़ा लक्ष्य चेज नहीं कर सकी। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ट्रेविस हेड के शतक और हेनरिक क्लासेन के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में तीन विकेट पर 287 रनों का स्कोर खड़ा किया था। यह आईपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर था।

जवाब में आरसीबी ने भी धुआंधार बल्लेबाजी की, लेकिन लक्ष्य इतना बड़ा था कि टीम 25 रन पीछे रह गई। आरसीबी 20 ओवर में सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए कप्तान पैट कमिंस ने 43 रन देकर तीन विकेट लिए। सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। हैदराबाद ने आईपीएल के इसी सीजन में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाए थे जो आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर था, लेकिन इस मैच के कुछ ही दिन बाद उसने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ डाला। आईपीएल के मौजूदा सीजन में यह दूसरी बार था जब हैदराबाद ने इतने अधिक रन बनाए। आरसीबी के लिए यह सीजन अच्छा नहीं रहा है और टीम सात में से सिर्फ एक ही मैच जीत सकी है। आरसीबी की यह लगातार पांचवीं हार है और वह अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर बरकरार है। वहीं, इस शानदार जीत के साथ हैदराबाद की टीम आठ अंक लेकर चौथे स्थान पर है। हैदराबाद ने इस सीजन अबतक छह मैचों में चार मैच जीते हैं, जबकि दो में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

हैदराबाद और आरसीबी के बीच मैच में कुल 81 बाउंड्री लगी जिसमें 43 चौके और 38 छक्के शामिल रहे। यह टी20 इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा बाउंड्री लगने का रिकॉर्ड है। पिछले साल सेंचुरियन में वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए टी20 मुकाबले में भी 81 बाउंड्र लगे थे जिसमें 46 चौके और 35 छक्के शामिल हैं। आरसीबी और हैदराबाद के बीच इस मैच की दोनों पारियों को मिलाकर कुल 549 रन बने जो एक रिकॉर्ड है। इससे पहले किसी भी टी20 मैच में दोनों पारियां मिलाकर इतने रन नहीं बने हैं। इससे पहले भी आईपीएल के इसी सीजन में हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच खेले गए मैच में दोनों पारियां मिलाकर 523 रन बने थे जो टी20 इतिहास में सर्वाधिक थे, लेकिन आरसीबी और हैदराबाद के बीच मैच में यह रिकॉर्ड भी टूट गया।

## कोहली और डुप्लेसिस की दमदार शुरूआत

विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली और डुप्लेसिस की सलामी जोड़ी ने आरसीबी को दमदार शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले ओवर में 10 रन से शुरुआत की और फिर दूसरे ओवर से 11 रन, तीसरे ओवर से 18, चौथे ओवर से 17, पांचवें ओवर से 14 रन और छठे ओवर से नौ रन जुटाने के दम पर पावरप्ले खत्म होने तक बिना किसी नुकसान के 79 रन बनाए। आरसीबी के आईपीएल इतिहास का पावरप्ले का यह सर्वोच्च स्कोर है। इस दौरान कोहली ने तेजी से बल्लेबाजी की और 19 गेंदों में ही 42 रन बना डाले।

## कार्तिक ने बांधा समां

आरसीबी के लिए फिनिशर के तौर पर उभरे कार्तिक ने इस मैच में भी अपना दम दिखाया। उन्होंने तेजी से खेलना जारी रखा और हैदराबाद के गेंदबाजों के आगे टिके रहे। उन्होंने लगातार बड़े शॉट खेले और एक के बाद एक छक्के लगाकर आरसीबी को मैच में बनाए रखा। आरसीबी को झटकों के बीच दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर ने संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों ने 13वां ओवर डालने आए मयंक मारकंडे के ओवर से 25 रन जुटाए। कार्तिक ने इसके बाद 23 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

## आईपीएल इतिहास का तीसरा सबसे तेज 200 रन

हैदराबाद ने इस मैच में तूफानी बल्लेबाजी जारी रखते हुए महज 14.6 ओवर में ही 200 रनों का आंकड़ा पूरा कर लिया था। आईपीएल इतिहास में हैदराबाद की टीम सबसे तेजी से 200 रन पूरे करने वाली तीसरी टीम बनी। इस टूर्नामेंट में सबसे तेजी से 200 रनों का आंकड़ा पूरा करने का रिकॉर्ड आरसीबी के नाम है जिन्होंने 2016 में पंजाब किंग्स के खिलाफ 14.1 ओवर में ऐसा किया था।

## टॉप्ली के नाम तीसरा सबसे महंगा स्पैल

आरसीबी के गेंदबाज रीस टॉप्ली ने भले ही टीम को पहली सफलता दिलाई थी, लेकिन वह आईपीएल इतिहास में सबसे महंगा स्पैल करने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। टॉप्ली ने इस मैच में चार ओवर में 68 रन देकर एक विकेट लिया। वह आईपीएल में सबसे महंगा स्पैल करने वाले विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले यह अनचाहा रिकॉर्ड मुजीब जादरान के नाम था जिन्होंने 2019 में हैदराबाद के खिलाफ 66 रन दिए थे। आईपीएल में सबसे महंगा स्पैल का रिकॉर्ड बासिल थंपी के नाम है जिन्होंने आरसीबी के खिलाफ 2018 में 70 रन दिए थे और एक भी विकेट नहीं ले सके थे।

# पलक ने शूटिंग में दिलाया 20वां ओलंपिक कोटा, क्वालिफाइंग इवेंट में जीता कांस्य



नई दिल्ली। हांगझोऊ एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पलक ने शूटिंग में देश को 20वां ओलंपिक कोटा दिलाया है। पलक ने रियो डि जेनेरियो (ब्राजील) में खेली जा रही अंतिम ओलंपिक क्वालिफाइंग इवेंट में 10 मीटर एयर पिस्टल का कांस्य पदक जीता। वहीं संयम पांचवें स्थान पर रहीं। आर्मेनिया की एल्मीरा कारापेत्यान ने स्वर्ण और थाईलैंड की कमोनलाक साएंचा ने रजत और ओलंपिक कोटा जीता। पलक और संयम ने शनिवार को 578 का समान स्कोर कर इस इवेंट के फाइनल में प्रवेश किया था। हालांकि फाइनल में पलक और संयम दोनों पिछड़ी हुई चल रही थीं, लेकिन दोनों ने बाद में वापसी की। हंगरी की वेरोनिका मेजर एक समय में आगे चल रही थीं, लेकिन बाद में वह पिछड़ गईं, जिसका फायदा पलक को मिला। 19वें शॉट में पलक ने .6 अंक की मेजर पर बढ़त बना ली और वह तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि संयम को पांचवें स्थान पर बाहर होना पड़ा। तीसरे और चौथे स्थान के मुकाबले में मेजर 10 का निशाना लगाने से चूक गईं, जिससे पलक कांस्य जीतने में सफल रहीं।

# वंशिका रघुवंशी और उमा की शतकीय साझेदारी से जीती विविधा

एनएनआई

आगरा। रविवार को मुफीद-ए-आम इंटर कॉलेज में स्थित विविधा क्रिकेट अकादमी और वाइल्ड टाईगर के मध्य मैच खेला गया जिसमें विविधा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए (40) ओवर में 265 रनों का लक्ष्य रखा साथ मैच को अपने नाम किया। जिसमें वंशिका रघुवंशी ने (60) गेंद में (11) चौके की मदद से 75 रनों की बैहतरीन पारी खेली, उमा ने (48)गेंद में (13) चौके की मदद से 68 रनों की पारी खेली, नमन 44, नील 31, लव 21, अक्षत 8, विनीता ने 4 रनों का योगदान दिया । सामने से गेंदबाजी करते हुए वाइल्ड टाईगर को हर्ष ने 4 विकेट मिले, ध्रुव और वरूण को 1-1 मिला। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वाइल्ड टाईगर की टीम (30.4) ओवर में 198 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें योगेश ने 45 रन, गोपाल ने 34, वरूण 27, ध्रुव 19, गगन 16, प्रिंस 15, दिव्यांश 13 रन बनाए। वहीं दूसरी ओर से गेंदबाजी करते हुए विविधा की विनीता बघेल ने 2 विकेट लिए, प्रद्मन , 2 विकेट मिले , उमा ने 1 विकेट, अनिक , सुमित ,दिव्य ,रिशीने1-1 विकेट लिया और विविधा क्रिकेट अकादमी ने 67 रनों से मैच जीत लिया



## 16 अप्रैल 2024 का राशिफल

**मेष राशि:-** आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर सावधान रहना होगा। किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। यदि आप किसी नये काम के लिए सोच विचार कर रहे थे, तो उसमें आप अपने पिताजी से बातचीत अवश्य करें। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

**वृष राशि:-** आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। बिजनेस में आपको अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। आप वरिष्ठ सदस्यों से किसी बात को लेकर सूझबूझ दिखाएं। आपका कोई साथी आपके काम का फायदा ले सकता है।

**मिथुन राशि:-** आज का दिन आपके लिए मेहनत भरा रहने वाला है। आप किसी लक्षण को आसानी से पूरा कर पाएंगे। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आप सभी को साथ लेकर चलने की कोशिश करेंगे। आप अपने काम को कैसे दूसरे के भरोसे ना छोड़ें।

**कर्क राशि:-** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला हैं। आप अपनी जिम्मेदारियों को लेकर परेशान रहेंगे। आपसे यदि कोई गलती हो, तो आपको उसमें पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**सिंह राशि:-** आज का दिन आपके लिए साझेदारी में किसी काम को करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको चल व अचल योजनाओं पर पूरा ध्यान लगाना होगा। आपको पारिवारिक उद्देश्यों को लेकर अपने पिताजी से सलाह मश्वरा करने की आवश्यकता है। आप अपने बच्चों के करियर को लेकर चिंतित रहेंगे।

**कन्या राशि:-** आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है। आप किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचें। यदि आपका धन कही फंसा हुआ था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आप अपनी बुद्धि व विवेक से काफी कुछ पा सकते हैं।

**तुला राशि:-** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप दांपत्य जीवन में चल रही समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आप अपने किसी बड़े लक्ष्य को आसानी से पूरा कर पाएंगे।

**वृश्चिक राशि:-** आज का दिन आपके लिए खर्चा भरा रहने वाला है। आपको खर्चों को लेकर समस्या योजना बनानी होगी। नौकरी में आप सोच समझ कर आगे बढ़ें, नहीं तो जिम्मेदारी बढ़ने से आप परेशान रहेंगे।

**धनु राशि:-** आज का दिन आपके लिए कला कौशल में सुधार लेकर आएगा। जो युवा कार्यक्षेत्र में अपने काम को लेकर परेशान चल रहे हैं, उनकी वह चिंता दूर होगी। आप अपनी कला से लोगों को हैरान करेंगे। निर्णय लेने की क्षमता का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप संतान को संस्कारों व परंपराओं का पाठ पढ़ाएंगे।

**मकर राशि:-** आज का दिन आपके लिए सुख समृद्धि बढ़ाने वाला रहेगा। नये काम में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप जीवनसाथी के साथ अपने रिश्ते को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ करीबी आपके कामो मे रोडा अटका सकते हैं।

**कुंभ राशि:-** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। सामाजिक गतिविधियों में आप बढ चढ़कर हिस्सा लेंगे। बिजनेस में आप किसी को पार्टनर बनने के लिए विचार विमर्श कर सकते हैं।

**मीन राशि:-** मीन राशि के जातकों के लिए आज दिन उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी सरकारी नौकरी की प्राप्ति होती दिख रही है। बिजनेस की योजनाएं गति पकड़ेगी।

# जय माता दी से गूंजा शहर

**अष्टमी पर घरों से मंदिरों तक हुआ मां दुर्गा का पूजन**
**कन्या-लांगुरों को जिवां भक्तों ने कमाया पुण्य लाभ**



एनएनआई

**आगरा।** सूरज की पहली किरण के साथ ही शहर देवी मां के जयकारों और घंटे-घड़ियालों की आवाज से गूंज उठा। घरों और मंदिरों में सुबह से ही मां दुर्गा की पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। मंदिरों में मां दुर्गा की आगवानी करने के लिए फूलों और विद्युत वल्बों की झालरों से विशेष सजावट की गई। जगह-जगह जागरण और भण्डारे के आयोजन किए जा रहे हैं। पूरा शहर मां दुर्गा के रंग-रंगा नजर आ रहा है। चैत्र नवरात्र की अष्टमी को पूरा शहर भक्तिभाव के वातावरण में डूबा हुआ है। देवी अनुष्ठान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने पूर्णाहूति यज्ञ में भाग लिया और उपवास तोड़ा। इस मौके पर जगह-जगह कन्या-लांगुर भोज और भंडारों के आयोजन किए जा रहे हैं। चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर आज शहर में सुबह से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। उपवास कर रहे लोगों ने हवन-पूजन कर अपने व्रत खोले। वहीं श्रद्धालुओं ने कन्या-लांगुर भोज कराकर शक्ति की देवी की पूजा-अर्चना कर मंगलमय जीवन की कामना की। मंदिरों में सुबह तड़के से ही श्रद्धालुओं की शुरू हुई चहल-पहल दिन भर बनी रही। चामुंडा देवी मंदिर राजामंडी, कालबाड़ी देवी मंदिर, पथवारी मंदिर खंदारी, कचहरी घाट स्थित देवी मंदिर सहित शहर के गली-मोहल्लों में स्थित मंदिरों में पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जहां श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर का मां दुर्गा के दर्शन किए। इसके अलावा शहर में जगह-जगह भंडारे चल रहे हैं। रात्रि में जगह-जगह देवी जागरण के आयोजनों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा था। कल घर-घर नौवीं का पूजन किया जाएगा।

# गर्म हवाओं ने किया परेशान, पारा 40 पार

## दो दिन बाद आंधी-बारिश के आसार



**आगरा** एनएनआई। सुबह बौछार, दोपहर में बादल और धूप के बीच सोमवार को शहर के मौसम का मिजाज अलग रहा। बादल भी गर्मी की रफ्तार को नियंत्रित नहीं कर पाए और अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। दिन का तापमान बढ़ने के साथ-साथ रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मंगलवार से बृहस्पतिवार तक शहर में गर्म हवाओं का प्रकोप रहेगा। इसके बाद फिर से मौसम में आंशिक बदलाव आएगा।

सोमवार को सुबह करीब 7 बजे खंदारी, दयालबाग समेत कुछ इलाकों में हल्की बूंदा-बांदी हुई। इसके बाद धूप निकली और सूरज आग उगलता रहा। दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए। इस दौरान धूप और बादलों के आने-जाने का क्रम चलता रहा। सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक था। वहीं रात का तापमान भी बढ़कर 24.7 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा, जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार अगले तीन दिन गर्म हवाओं के झोंके गर्मी को और बढ़ाएंगे। इसके बाद शुक्रवार 18 अप्रैल को आंधी-बारिश और बिजली चमकने के आसार हैं।

Sunday Open
पर्दे ही पर्दे
* Sofa Fabric
* Customise Blinds
* Wallpaper
* Flooring all type
* Grass
* Carpet
* All Furnishing Item
किरन मित्तल
बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने संजय प्लेस,
आगरा मो. 9837261764, 8193034811

विसवा मसाले
www.visvamasale.com
बादाम पिस्ता,
इलाइची से भरपूर
ब्रज की मशहूर
ठण्डाई




Agra Distributor: SAURABH ENTERPRISES
Gandhi Nagar, Agra-282003 (U.P.) +91-9837080023
SCAN ME
Order for other Cities Contact :
Visvass Foods Pvt. Ltd.
Balkeshwar, Agra-282004 (U.P.)
+91-9837050722, 7017370732
Size Available: 100g | 200g | 500g